तापमान

अधिकतम 34 .6 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

12 कांवला में पानी निकासी और स्वच्छता की समस्या का...



12 प्रेरणादायक गीतों से छात्रों को जीवन में सही दिशा...



## खबर संक्षेप

### छह वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के गांव में युवक द्वारा छह वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत की गई। जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जुलाई को गांव खिल्लेवाला निवासी आशिक ने उसकी छह वर्षीय लड़की के साथ अश्लील हरकत की। जब वह शोर सुनकर मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें आता देखकर मौके से फरार हो गया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी आशिक के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ट्रांसफॉर्मर से करंट लगने पर किसान की मौत

**कुरुक्षेत्र।** ठसका मीरांजी गांव में ट्रांसफॉर्मर से करंट लगने पर किसान की मौत हो गई। सूचना मौके पाकर मौके पर पहुंची बिजली विभाग को परिवार के गुस्से का सामना करना पड़ा। परिवार ने बिजली निगम के जेई और लाइनमैन पर लापरवाही का आरोप लगाया। मृतक किसान की पहचान 65 साल के जरनैल सिंह के रूप में हुई। जगतार सिंह ने बताया कि उनके खेत में लगा ट्रांसफॉर्मर जलबेहड़ा फीडर से जुड़ा है, जिसमें कुछ फाल्ट आ गया था। बिजली जाने के बाद उसके पिता ट्रांसफॉर्मर का फाल्ट ठीक करने में जुट गए, लेकिन तभी बिजली आ गई और करंट का जोरदार झटका लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### कार की जोरदार टक्कर से युवक की मौत

**कुरुक्षेत्र।** लाडवा में बेटे की दवा लेने जा रहे दो भाइयों की बाइक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले सीएचसी लाडवा ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे कुरुक्षेत्र रेफर कर दिया। लेकिन आर्थिक तंगी के कारण परिजन उसे रात में घर ले आए। हालत बिगड़ने पर उसे दोबारा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी कार ड्राइवर मौके पर रुकने की बजाय फरार हो गया। मृतक की पहचान 25 साल के राम भरोसे निवासी लाठी धनौरा गांव के रूप में हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला तस्कर 87 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार

**थानेसर।** पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महिला को 87 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 जुलाई को थाना शहर पिहोवा प्रभारी निरीक्षक सुनील वत्स के निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम पिहोवा चौंक पर गश्त और अपराध रोकथाम के लिए तैनात थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अंबाला शहर के पम्मी चौक, बास बाजार निवासी एक महिला लंबे समय से अफीम की तस्करी में संलिप्त है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए महिला पुलिसकर्मी ने उसके कब्जे से 87 ग्राम अफीम बरामद हुई।

### साइबर ठगी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** टेलीग्राम से लाखों रूपयों की नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी के मामले में संलिप्त दो आरोपियों को कानपुर झांसी यूपी से गिरफ्तार किया। साइबर पुलिस के उप निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता दिवाकर कुमार ने 7 सितंबर 2024 को थाना साइबर क्राइम में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 23 जुलाई 2024 से 13 अगस्त 2024 के बीच आरोपी ने टेलीग्राम के माध्यम से उसे अपनी बातों में उलझाकर उससे लाखों रूपयों ठग लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी।

विकास कार्यों में देरी और ग्रांट वितरण में भेदभाव के आरोपों पर कार्रवाई

# 17 वोटों से गिरी जिप चेयरमैन की कुर्सी, रीना खरकाली को कमान

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक, 25 में से 19 सदस्यों ने लिया भाग, दो ने चेयरपर्सन के पक्ष में किया मतदान



कुरुक्षेत्र। विशेष बैठक में मौजूद उपायुक्त व जिला परिषद के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- दो तिहाई कोरम पूरा होने के बाद बैलेट पेपर से हुआ मतदान
- छह माह पहले उठी थी चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग
- साढ़े तीन वर्ष बाद भी वार्डों में नहीं हुए अपेक्षित विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला परिषद करनाल की चेयरपर्सन प्रवेश राणा के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार को भारी बहुमत से पारित हो गया। लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित विशेष बैठक में 25 में से 19 जिला परिषद सदस्यों ने मतदान किया। इनमें 17 सदस्यों ने चेयरपर्सन के खिलाफ जबकि दो सदस्यों ने उनके पक्ष में मतदान किया। इसके साथ ही प्रवेश राणा को चेयरपर्सन पद से हटना पड़ा। अब वाइस चेयरमैन रीना खरकाली को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार ने बताया कि बैठक के लिए आवश्यक दो-तिहाई कोरम पूरा होने के बाद बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान कराया गया। मतदान के तुरंत बाद मौके पर ही मतगणना की गई, जिसमें अविश्वास प्रस्ताव को स्पष्ट बहुमत मिल गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई। जिला परिषद सदस्यों के अनुसार चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग करीब छह से सात महीने पहले उठी थी। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को इस पर अंतिम निर्णय लिया गया। अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने वाले सदस्यों का आरोप है कि साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल बीतने के बावजूद कई वार्डों में अपेक्षित विकास कार्य नहीं हो सके। कई बार जिला परिषद की बैठकों में यह मुद्दा उठाया गया, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। कुछ सदस्यों ने ग्रांट वितरण में भेदभाव के आरोप भी लगाए, जिससे परिषद के भीतर असंतोष बढ़ता गया।

### अब वाइस चेयरपर्सन संभालेंगी जिम्मेदारी



जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि नए चेयरपर्सन के चुनाव तक वाइस चेयरपर्सन रीना खरकाली कार्यकारी चेयरपर्सन के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगी। इसके बाद नियमानुसार नए चेयरपर्सन के चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिला परिषद के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि बचे हुए कार्यकाल में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

# निगम के सफाई कर्मियों को मिलेगी ईपीएफ व ईएसआई



- कार्यक्रम में कर्मचारियों को उपलब्ध सुविधाओं की गई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य संजीव घारू ने वीरवार को अंबाला शहर के राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अम्बाला शहर, बाल जगत पब्लिक स्कूल सौंडा व महाराजा अग्रसेन सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल सौंडा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, सफाई कर्मचारियों की कार्य परिस्थितियों तथा उनसे संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूलों में नियुक्त सफाई कर्मचारियों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याओं, कार्य व्यवस्था, वेतन, सुरक्षा उपकरणों तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत उन्होंने नगर निगम, नगर परिषद व ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से बातचीत की। उनकी समस्याओं, कार्य व्यवस्था, वेतन, सुरक्षा उपकरणों तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में दो सफाई कर्मचारी महिलाओं ने समस्या को लिखित में दी। जिस पर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर नगर निगम की मेयर अक्षिता सैनी, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, अतिरिक्त निगम आयुक्त दीपक सूरा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा मौजूद रहे। एडवोकेट संजीव घारू ने कहा कि हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग, मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के मार्गदर्शन में सफाई कर्मचारियों के हितों, के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं, जैसे ईपीएफ, ईएसआई, पहचान पत्र, पीपीई किट एवं अन्य सुरक्षा उपायों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां कहीं आवश्यक प्रक्रियाएं लंबित हैं तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए।

# फायरिंग मामले में दो बदमाशों से करवाई निशानदेही

- आरोपियों ने गत 13 जुलाई को गांव कांजनू में पुलिस टीम पर की थी फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। गांव कांजनू पुल के पास बदमाशों से घटनास्थल की निशानदेही करवाते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

रादौर पुलिस पर फायरिंग मामले में गिरफ्तार किए गए दो बदमाशों से पुलिस ने घटना स्थल पर ले जाकर निशानदेही करवाई। आरोपियों ने गत 13 जुलाई को रादौर के कांजनू पुल पर पुलिस टीम पर फायरिंग की थी। इस दौरान पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की तो तीन बदमाशों की टांग में गोली लगने से वह घायल हो गए थे। जबकि एक आरोपी को मौके गिरफ्तार कर लिया गया था। घायलों को अस्पताल में भरती करवाया गया था। जानकारी के मुताबिक गत 13 जुलाई की रात को रादौर पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव कांजनू के पुल के नजदीक कुछ संदिग्ध युवक घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को पकड़ना चाहा तो उन्होंने फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो तीन बदमाशों की टांग में गोली लगने से वह घायल हो गए। मौके पर पुलिस ने एक बदमाश को पकड़ लिया। जबकि तीनों घायलों को अस्पताल में भरती करवाया गया। पुलिस ने उस समय आरोपियों से तीन पिस्टल व एक देसी कट्टा बरामद किया था। पुलिस आज चारों बदमाशों में से दो आरोपियों सोनीपत निवासी पवन व सतबीर को लेकर कांजनू पुल पर पहुंची। जहां पर पुलिस ने आरोपियों से घटनास्थल की निशानदेही करवाई।

### मामले की जांच जारी

रादौर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश राणा ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। दो बदमाशों पवन व सतबीर से कांजनू पुल के पास घटनास्थल पर ले जाकर निशानदेही करवाई गई।

# दिल्ली में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में कुवि में आक्रोश प्रदर्शन

- पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर मांगा धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र




दिल्ली में छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने सरकार और दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। छात्र केंद्रीय लाइब्रेरी के सामने एकत्रित हुए, जहां से उन्होंने आक्रोश मार्च निकाला। यह मार्च विश्वविद्यालय परिसर से होते हुए थर्ड गेट तक पहुंचा। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो, और शिक्षा बचाओ जैसे नारे लगाए। छात्रों ने आरोप लगाया कि छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने के लिए पुलिस बल का प्रयोग किया गया, जो पूरी तरह अनुचित है। उनका कहना था किपेपर लीक और छात्रों पर कार्रवाई जैसे मुद्दों पर सरकार जवाब देने से बच रही है।

### सड़क हादसे में स्टेशन मास्टर की हुई मौत

**अंबाला।** अंबाला-दिल्ली नेशनल हाईवे पर देर रात हुए सड़क हादसे में कैंट स्टेशन पर तैनात रेल कर्मचारी की मौत हो गई। जान गंवाने वाले कर्मचारी मुरली मनोहर झा कैंट जंक्शन पर स्टेशन मास्टर के रूप में कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार रात करीब साढ़े आठ बजे जीटी रोड स्थित पुल के पास ट्रक ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी थी। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के बेटे वैभव झा के बयान पर थाना पड़ाव पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। अब पुलिस लापरवाह वाहन चालक को तलाश रही है।

# जनता को समय पर न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकताः मंत्री गंगवा

- कष्ट निवारण समिति की बैठक में नौ शिकायतों का समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए आमजन की समस्याओं की सुनवाई की। बैठक में कुल 14 शिकायतें रखी गईं, जिनमें से नौ शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि पांच मामलों को विस्तृत जांच के लिए अगली बैठक तक लंबित रखा गया। जिला सचिवालय पहुंचने पर उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री का स्वागत किया तथा शिकायतों के समाधान में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सक्रिय सहयोग किया। गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प प्रत्येक नागरिक को समय पर न्याय दिलाना है। सरकार हर व्यक्ति के साथ न्याय कर रही है। बैठक में शहरी विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जिप अध्यक्ष ज्योति शर्मा समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आदि रहे।

# कच्चा माल दिलवाने के बहाने कारोबारी से हड़पे 1.2 करोड़

**यमुनानगर।** कच्चा माल दिलवाने के बहाने प्लाईवुड कारोबारी से एक व्यक्ति ने एक करोड़ दो लाख रुपए हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार चोपड़ा गार्डन निवासी सुमित गुप्ता ने दिसंबर 2023 में उसकी मुलाकात ज्योति नगर यमुनानगर निवासी रोहित कालड़ा के साथ हुई थी। आरोपी रोहित कालड़ा उसके पास लकड़ी का माल बेचने के लिए आया था। आरोपी उसे कहने लगा कि उसका लकड़ी का अच्छा कारोबार है। उसके पास कई तरह के बड़े डीलर व कारोबारी है। जो उसको लकड़ी का कच्चा माल अच्छे रेट में दे देंगे। दिसंबर 2023 से जून 2024 तक उसने आरोपी को एक करोड़ 23 लाख रुपये दे दिए। रोहित कालरा ने उसे पर विश्वास बनाने के लिए उसको कुछ रुपये वापस कर दिए मगर इसके बाद आरोपी रोहित ने उसको लकड़ी का कोई भी माल नहीं भेजा। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मादक पदार्थ के आठ दोषियों पर जुर्माना व कैद

**पानीपत।** एडिशनल सेशन जज-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट, एनडीपीएसएस, योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपियों कांता, प्रेमो, इसका पुत्र गुरमेज व इसके पुत्र मलकीत उर्फ बिल्लू निवासी गांव राक्सेडा व बसाडा जिला पानीपत, गुरदास, निशान सिंह निवासी गांव नलीपार जिला करनाल, राजकौर निवासी दिल्ली, गुरमीत निवासी गांव गढी नवाब जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं जज चौधरी की अदालत ने दोषियों पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी किया है।

# यमुनानगर नो फ्लाइंग व रेड जोन किया घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जिलाधीश प्रीति

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के यमुनानगर जिला में 25 व 26 जुलाई को प्रस्तावित दौरे के दृष्टिगत जिलाधीश प्रीति ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 तथा ड्रोन नियम 2021 के नियम 24 के तहत आदेश जारी करते हुए पूरे यमुनानगर जिले को उक्त अवधि के लिए नो फ्लाइंग जोन एवं रेड जोन घोषित किया है। यह आदेश सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिया गया है।

जिलाधीश प्रीति द्वारा जारी आदेशों के अनुसार मुख्यमंत्री की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले में किसी भी प्रकार के ड्रोन अथवा अन्य मानव रहित हवाई वाहनों के उड़ान संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध मुख्यमंत्री के आगमन से चार घंटे पूर्व प्रभावी होगा तथा उनके प्रस्थान के एक घंटे बाद तक लागू रहेगा। इसके अतिरिक्त हेलिपैड, कार्यक्रम स्थल एवं मुख्यमंत्री के भ्रमण स्थलों के लगभग 500 मीटर के दायरे में आग्नेयास्त्र, तलवार (सिख समुदाय के प्रतीक स्वरूप कृपाण को छोडकर) किसी भी प्रकार के हथियार अथवा शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने वाली वस्तु लेकर चलने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

सेवा व संभाल प्रस्ताव पर 72 घंटे के अंतराल में बुलाई थी बैठक

# एचएसजीएमसी करेगी मीरी पीरी संस्थान की संभाल

कर्मचारियों के वेतन का भी जल्द किया जाएगा भुगतान, बैठक में सर्वसम्मति से लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कार्यकारिणी समिति के बैठक में शामिल मैंबर साहिबान।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ही मीरी पीरी मेडिकल साइंस एंड रिचर्स इंस्टीच्यूट शाहाबाद मारकंडा की सेवा संभाल करेगी। यह फैसला हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी कुरुक्षेत्र की कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। हरियाणा कमेटी के मुख्य कार्यालय में वीरवार को हुई कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने कहा कि जब प्रदेश के गुरुद्वारा साहिबान की सेवा हरियाणा कमेटी संभाल रही है, तो ऐसे में शाहाबाद मारकंडा में चल रहे मीरी पीरी मेडिकल साइंस एंड रिचर्स इंस्टीच्यूट शाहाबाद मारकंडा पर भी हरियाणा कमेटी का अधिकार है। इसलिए मीरी पीरी मेडिकल साइंस एंड रिचर्स इंस्टीच्यूट शाहाबाद मारकंडा की सेवा संभाल का प्रस्ताव भी कार्यकारिणी समिति ने पास कर दिया है। उन्होंने बताया कि इसी मुद्दे को लेकर 72 घंटे के अंतराल में कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलाई गई थी। आज हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में सभी मैंबर साहिबान ने सर्व सम्मति से मीरी पीरी मेडिकल साइंस एंड रिचर्स इंस्टीच्यूट शाहाबाद मारकंडा की सेवा 72 घंटे में करने का प्रस्ताव पास किया है। वरिष्ठ उप प्रधान गुरमीत सिंह रामशरण ने कहा कि पिछले समय से इंस्टीच्यूट की सेवा संभाल का कार्य अधूरा था, जिसे अब पूरा किया जाएगा। इस दौरान करनैल सिंह, पलविन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह, जगतार सिंह, टी पी सिंह, रुपिंदर सिंह सहित हरियाणा कमेटी के मुख्य सचिव जसविंदर सिंह, एडिशनल सेक्रेटरी राजपाल सिंह, एडिशनल सेक्रेटरी सतपाल सिंह डाचर, एडिशनल सेक्रेटरी नरेंद्र सिंह, उप सचिव अमरिंदर सिंह, उप सचिव रुपिंदर सिंह और निजी सचिव शमशेर सिंह भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन

**घरौंडा।** हरियाणा रोजगार विभाग द्वारा आयोजित व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह 20 से 24 जुलाई के अंतर्गत आज उपमंडल रोजगार कार्यालय, घरौंडा के सौजन्य से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घरौंडा विद्यार्थियों के लिए करियर गोल सेटिंग एवं अकादमिक प्रदर्शन में सुधार विषय पर पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमंडल रोजगार अधिकारी घरौंडा डा. ऋतु चहल ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए स्पष्ट करियर लक्ष्य निर्धारित करना अत्यंत आवश्यक है।

### जागरूकता एक्टिविटी का आयोजन




**तरावड़ी।** विद्यार्थियों में प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें आपातकालीन स्थिति में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल तरावड़ी में फर्स्ट एड बॉक्स एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्या रागिनी राय के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डिंपल त्रिपाठी, प्राध्यापिका करमजीत, राजवीर, प्रियंका, राधिका एवं विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा।

### नव निर्माण सेना ने मनाई आजाद जयंती



**इंद्री।** भारत नव निर्माण सेना द्वारा देश के महान क्रांतिकारी एवं देशभक्त चन्द्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर ब्राह्मण धर्मशाला इंद्री में हवन-यज्ञ का आयोजन कर सभी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक रामकुमार कश्यप ने शिरकत की । कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत नव निर्माण सेना के प्रदेशाध्यक्ष पंडित धर्मपाल शांडिल्य ने की।विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि आज हम महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद व अन्य असंख्य शहीदों की शहादत की बदौलत खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इस मौके पर शशि दुरेजा, डा हरबंस भारद्वाज, धर्मपाल आर्य, रणबीर गोयत, मेम सिंह धीमान, मेहर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### परीक्षा में अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग

**करनाल।** अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ (एआईआईईए) ने राष्ट्रीय राजधानी में सार्वजनिक परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। संघ ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताते हुए सरकार से छात्रों के साथ संवाद स्थापित करने की मांग की। मंडल सचिव कामरेड नीरज अरोड़ा ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं सामने आई हैं।

## ग्रांट वितरण में भेदभाव के आरोपों के बीच हुई कार्रवाई

# 17 वोटों से गिरी जिप चेयरमैन की कुर्सी, रीना को मिली कमान

- साढ़े तीन साल बाद बदला नेतृत्व

**हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल**




करनाल। जिला परिषद चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी एवं सदस्य।



प्रवेश राणा



रीना खरकाली

जिला परिषद करनाल की चेयरपर्सन प्रवेश राणा के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार को भारी बहुमत से पारित हो गया। लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित विशेष बैठक में 25 में से 19 जिला परिषद सदस्यों ने मतदान किया। इनमें 17 सदस्यों ने चेयरपर्सन के खिलाफ जबकि दो सदस्यों ने उनके पक्ष में मतदान किया। इसके साथ ही प्रवेश राणा को चेयरपर्सन पद से हटना पड़ा। अब वाइस चेयरमैन रीना खरकाली को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार ने बताया कि बैठक के लिए आवश्यक दो-तिहाई कोरम पूरा होने के बाद बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान कराया गया। मतदान के तुरंत बाद मौके पर ही मतगणना की गई, जिसमें अविश्वास प्रस्ताव को स्पष्ट बहुमत मिल गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई। जिला परिषद सदस्यों के अनुसार चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग करीब छह से सात महीने पहले उठी थी। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को इस पर अंतिम निर्णय लिया गया। अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने वाले सदस्यों का आरोप है कि साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल बीतने के बावजूद कई वार्डों में अपेक्षित विकास कार्य नहीं हो सके। कई बार जिला परिषद की बैठकों में यह मुद्दा उठाया गया, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। कुछ सदस्यों ने ग्रांट वितरण में भेदभाव के आरोप भी लगाए, जिससे परिषद के भीतर असंतोष बढ़ता गया।

### अब वाइस चेयरपर्सन संभालेंगी जिम्मेदारी

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि नए चेयरपर्सन के चुनाव तक वाइस चेयरपर्सन रीना खरकाली कार्यकारी चेयरपर्सन के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगी। इसके बाद नियमानुसार नए चेयरपर्सन के चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिला परिषद के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि बचे हुए कार्यकाल में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

# हाउस बैठक में विकास और स्वच्छता पर किया मंथन

- विधायक ने सभी पार्षदों को जूट के थैले वितरित किए

**हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री**



इंद्री। नगर पालिका में आयोजित हाउस की बैठक मे उपस्थित विधायक व पार्षद ।

नगर पालिका इंद्री के सभागार में गुरुवार को हाउस की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से विधायक रामकुमार कश्यप ने शिरकत की। बैठक में शहर में चल रहे विकास कार्यों, स्वच्छता अभियान तथा आगामी विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए नई कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान पिछले दिनों कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर मूल्यांकन किया गया। साथ ही भविष्य में कराए जाने वाले विकास कार्यों को गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ पूरा करने पर जोर दिया गया। विधायक रामकुमार कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर पालिका द्वारा करवाएं जा रहे प्रत्येक निर्माण कार्य का संबंधित वार्ड पार्षद की मौजूदगी में कम से कम तीन बार निरीक्षण किया जाए। यदि किसी भी स्तर पर निर्माण कार्य में अनियमितता या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित कार्य को तुरंत बंद कराया जाएगा और ठेकेदार का भुगतान भी रोक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में जनता की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। शहर वासियों को यदि किसी निर्माण कार्य में गड़बड़ी या लापरवाही देखने को मिलती हैं तो उसकी सूचना तुरंत नगर पालिका कार्यालय को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस दौरान लोगों से भी प्लास्टिक की बजाय जूट व कपड़े के थैलों का इस्तेमाल करने की अपील की।

# आजाद' को नमन कर राष्ट्र सेवा का दोहराया संकल्प



करनाल। मानव सेवा संघ में शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते पदाधिकारी।

**करनाल।** करनाल मानव सेवा संघ के प्रांगण में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और देश की आजादी के लिए उनके अद्वितीय बलिदान को याद करते हुए राष्ट्रसेवा का संकल्प दोहराया। मानव सेवा संघ के उपप्रधान डॉ. भगत राम खण्डवाल एडवोकेट ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने अंग्रेजी हुकूमत के सामने कभी घुटने नहीं टेके और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका जीवन साहस, त्याग और देशभक्ति की अनुपम मिसाल है, जिससे आज की युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भावरा गांव में जन्मे चंद्रशेखर आजाद ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और प्रयागराज के तत्कालीन अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेजों से लड़ते हुए वीरगति प्राप्त की। आज भी उनका जीवन देशभक्ति और स्वाभिमान का प्रतीक है। इस अवसर पर रामकुमार सिंह, मैनेजर राजेन्द्र सिंह, रामकुमार, हर्ष सहित मानव सेवा संघ के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# संगठन की मजबूती पर कांग्रेस ने किया मंथन




करनाल। मंगल सेन ऑडिटोरियम में गुरुवार को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और प्रदेश प्रभारी संजय दत्त ने कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद बैठक की। बैठक में संगठन विस्तार, विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा प्रदेश और देश के जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक सुझाव लिए और भरोसा दिलाया कि कांग्रेस की मजबूती कार्यकर्ताओं की भागीदारी और जनता के विश्वास से ही संभव है।

# रिड्यूस, री-यूज और रिसाइकल बने जीवन का संस्कार: महापौर

- संत कबीर स्कूल में नगर निगम के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण की नई पहल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल**



करनाल। सेक्टर-8 स्थित संत कबीर स्कूल में 'इको हब' का शुभारंभ करते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं अन्य अतिथि।

पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में नगर निगम करनाल ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। सेक्टर-8 स्थित संत कबीर स्कूल में नगर निगम के सहयोग से 'इको हब–एनवायरमेंट का एड्रेस' का शुभारंभ महापौर रेणु बाला गुप्ता ने किया। उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण, जन-जागरूकता और सतत विकास की दिशा में दूरदर्शी पहल बताते हुए प्रत्येक नागरिक से प्रकृति के संरक्षण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच 'इको हब' जैसी पहल लोगों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, हरित जीवनशैली अपनाने तथा स्वच्छ वातावरण के निर्माण के लिए प्रेरित करेगी।

## तख्तियां लेकर शहर की सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी

# जंतर-मंतर मामले में शिक्षकों-छात्रों का प्रदर्शन

- बोले- युवाओं की आवाज सुनने के बजाय बल प्रयोग दुर्भाग्यपूर्ण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल**



करनाल। जंतर-मंतर घटना के विरोध में करनाल में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते शिक्षक और विद्यार्थी।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवाओं के प्रदर्शन के दौरान हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को करनाल में शिक्षकों, विद्यार्थियों और कानून की पढ़ाई कर रहे छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि लोकतांत्रिक देश में अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखना हर नागरिक का अधिकार है। युवाओं की आवाज सुनने के बजाय उन पर बल प्रयोग किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदर्शन में शामिल शिक्षकों ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखने वाले युवाओं, विशेषकर छात्राओं पर कथित लाठीचार्ज की घटना बेहद शर्मनाक है। सरकार को बल प्रयोग करने के बजाय संवाद के माध्यम से समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं लोकतंत्र की मूल भावना को कमजोर करती हैं।

शिक्षकों ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से हजारों युवा जंतर-मंतर पहुंचे थे, जो उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने सरकार से अपील की कि युवाओं की समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि सरकार शिक्षा मंत्री का इस्तीफा नहीं लेना चाहती तो कम से कम छात्रों की शिकायतों और मांगों पर गंभीरता से विचार अवश्य करना चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए। वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा में भी 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आती रही हैं, जो शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। कानून के विद्यार्थियों ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने का अधिकार है और भविष्य में छात्रों के साथ ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि करनाल के शिक्षक और विद्यार्थी युवाओं के आंदोलन के समर्थन में शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कर रहे हैं और आगे भी छात्रों के अधिकारों की आवाज बुलंद करते रहेंगे।

### अभ्यर्थियों पर कार्रवाई के विरोध में सड़कों पर उतरेंगे जनसंगठन

**करनाल।** दिल्ली में नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में विभिन्न जनसंगठन शुक्रवार, 24 जुलाई को रोष प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान फव्वारा पार्क में विशाल सभा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद कार्यकर्ता रोष मार्च निकालते हुए जिला सचिवालय पहुंचेंगे और उपायुक्त के माध्यम से सरकार के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। गुरुवार को सर्व कर्मचारी संघ के कर्ण गेट स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदर्शन की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने की। बैठक में सीटू के बिजनेश राणा, दीपक, बलराज, जगपाल राणा, कृष्ण शर्मा, अशोक अरोड़ा, ओपी सिहमार तथा तेलूराम सहित विभिन्न जनसंगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### आजाद के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



**करनाल।** मानव सेवा संघ में गुरुवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बादली विधायक कुलदीप वत्स ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और युवाओं से उनके आदर्शों पर चलकर देश सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भरत तिवारी, मनीषा और श्रीगंगानगर की दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने का संकल्प लेते हुए 'न्याय की लौ' के तहत जनजागरण यात्रा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के बाद विधायक कुलदीप वत्स सैकड़ों समर्थकों के साथ पैदल मार्च करते हुए भगवान परशुराम चौक पहुंचे और भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इससे पहले अंबेडकर चौक पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर अखिलेश गौतम, सचिन शर्मा, राकेश, लाडी, मोनी कालीरमण, सुरेंद्र समोरा, अमित शामगढ़, मीनू पंडित, गुलशन उचाना, राजेश शेखपुरा खालसा, वीरेंद्र नरूखेड़ी, दिनेश, मित्रपाल सालवन, कर्मवीर, हवन सिंह मूनक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### स्थापना दिवस पर श्रमिक एकता का लिया संकल्प



**करनाल।** भारतीय मजदूर संघ के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर करनाल इकाई की ओर से गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संगठन के पदाधिकारियों, विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला मंत्री सुरेंद्र प्योंत मुख्य वक्ता तथा जिलाध्यक्ष पवन जोगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला मंत्री सुरेंद्र प्योंत ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और श्रमिक हितों के लिए संगठन द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर महेंद्र नरवाल, सोहन सिंह, कपिल जुंडला, संजीव, साहब राम चालिया, राकेश कुमार, राजेश कुमार, वेद कुमार और रवि कुमार मौजूद रहे।

### आईटीआई को दी आधुनिक विनिर्माण प्रयोगशाला

**करनाल।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) करनाल में ढाई करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग लैब स्थापित की। इसका उद्घाटन कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (मानव संसाधन) संजीव सिन्हा ने किया। संजीव सिन्हा ने कहा कि भारत में प्रतिभा की कमी नहीं, बल्कि कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीकी ज्ञान के साथ अनुशासन, टीमवर्क, नेतृत्व और समस्या समाधान जैसे सॉफ्ट स्किल विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2030 तक मारुति सुजुकी का लक्ष्य सालाना 40 लाख वाहन उत्पादन का है, जिसके लिए बड़ी संख्या में प्रशिक्षित युवाओं की जरूरत होगी। आईटीआई के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार और राकेश भाटिया ने कहा कि नई लैब में एक साथ 50 से अधिक विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे और इससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। यह हरियाणा में मारुति सुजुकी की पांचवीं ऐसी प्रयोगशाला है।

### डॉ. प्रेम को मिला हरि सिंह दिलबर यादगारी पुरस्कार



**करनाल।** करनाल के वरिष्ठ साहित्यकार, हिंदी-पंजाबी के प्रतिष्ठित कवि एवं व्यंग्यकार डॉ. प्रेम सेठी को वर्ष 2022 के हरि सिंह दिलबर यादगारी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दादा लख्मीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि, अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा सूर्यकवि दादा लख्मीचंद की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुलगुरु अमित आर्य, कार्यकारी उपाध्यक्ष कुलदीप चंद अग्निहोत्री, डॉ. गुंजन मलिक मनोचा तथा मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा आदि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों ने डॉ. प्रेम सेठी के साहित्यिक योगदान की सराहना की।

### पीएनबी ने लगाया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर



**करनाल।** पंजाब नेशनल बैंक ने अपने सामाजिक दायित्वों के तहत मंडल कार्यालय में डॉ. ऋषि नेत्र संस्थान के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन मंडल प्रमुख त्रिमूर्ति शिव पांडे ने किया। त्रिमूर्ति शिव पांडे ने कहा कि स्वस्थ दृष्टि बेहतर जीवन की आधारशिला है और इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम समाज के हर वर्ग तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक के.डी.एस. अग्रवाल, सहायक महाप्रबंधक रजत शर्मा, मुख्य प्रबंधक प्रदीप मुनेजा, मुख्य प्रबंधक एस.के. हंदुजा, मुख्य प्रबंधक जोगिंद्र ग्रोवर तथा यूनियन की ओर से उमेश भाटिया, कपिल ढाकला और अनिल कुमार उपस्थित रहे।

### उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच का संगठन विस्तार



**करनाल।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच, जिला करनाल ने संगठन विस्तार अभियान के तहत नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की। यह नियुक्तियां जिला अध्यक्ष मुनीष गर्ग, जिला प्रवक्ता आलोक अग्रवाल, जिला महामंत्री हितेश गुप्ता और जिला संयोजक सैम खत्री की मौजूदगी में की गईं। संगठन ने संयम खन्ना को वार्ड-11, संजीव राणा को वार्ड-4, हरीश दुआ को वार्ड-7, कपिल मल्होत्रा को वार्ड-12 तथा अभिषेक जेटली को वार्ड-2 का अध्यक्ष नियुक्त किया। पदाधिकारियों ने नवनियुक्त सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी व्यापारी हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### विश्व कल्याण का ले संकल्प: बीके सुदेश बहन

**तरावड़ी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में आयोजित साप्ताहिक मुरली रूपी सत्संग में विश्व शांति, आत्मकल्याण एवं ईश्वरीय मर्यादाओं पर आधारित जीवन जीने का संदेश दिया गया। संचालिका बीके सुदेश बहन एवं बीके रेणु बहन ने साकार मुरली का आध्यात्मिक सार सुनाते हुए कहा कि वर्तमान समय में परमपिता परमात्मा शिव स्वयं आकर आत्माओं को पवित्रता, शांति, प्रेम और दिव्य गुणों का पाठ पढ़ा रहे हैं। जो आत्माएं बाबा की श्रीमत पर चलती हैं, वे स्वयं भी सुख-शांति का अनुभव करती हैं और विश्व कल्याण की महान सेवा में सहभागी बनती हैं। मुरली हमें देह-अभिमान त्यागकर आत्म-अभिमानी बनने की प्रेरणा देती है। जब मनुष्य ईश्वर की याद में स्थित होकर कर्म करता है तो उसके जीवन से विकार समाप्त होने लगते हैं और दिव्य संस्कार विकसित होते हैं। राजयोग के नियमित अभ्यास से मन एकाग्र होता है, तनाव दूर होता है तथा जीवन में सच्चे सुख और आनंद की अनुभूति होती है। अपने दैनिक जीवन में मधुर वाणी, श्रेष्ठ संकल्प, पवित्र विचार और सेवा भावना को अपनाकर विश्व में शांति एवं भाईचारे का संदेश फैलाएं। बीके बहनों ने कहा कि आज का समय आत्म परिवर्तन का है। जब प्रत्येक आत्मा स्वयं को बदलने का संकल्प लेगी, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र में वास्तविक परिवर्तन आएगा। ईश्वर स्मृति ही वह शक्ति है, जो मनुष्य को कठिन परिस्थितियों में भी अडिग रहने का बल प्रदान करती है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने वीरवार को पलड़ी गांव के सरकारी स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। टीम ने इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। टीम द्वारा बताया गया कि नशा करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो बिगड़ता ही है, साथ ही उसका सामाजिक जीवन, शिक्षा और भविष्य भी प्रभावित होता है।

### 6.55 ग्राम कोकीन के साथ नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** आठ मरला चौकी पुलिस ने दिल्ली पैरलल नहर बाइपास पर 6.55 ग्राम कोकीन के साथ हुडा सेक्टर 13/17, अंसल निवासी आकाश पुत्र रोहित को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी रविंद्र ने बताया कि आकाश पर थाना माडल टाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। वहीं उसे कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आकाश से कड़ाई से पूछताछ करने के साथ नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।

### अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**पानीपत।** जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) सुमित मलिक द्वारा गुरुवार को अवैध कॉलोनियों एवं अनधिकृत निर्माणों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान लगभग 22 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही चार अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। वहीं, कार्रवाई को शांतिपूर्ण एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

### महादेव कॉलोनी में श्री श्याम उत्सव एक को

**पानीपत।** पानीपत की महादेव कालोनी में पहला श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव एक अगस्त को आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, गुरु हाजी साधना, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, पार्षद अशोक कटारिया, उमाशंकर राय, विजय जैन, राजीव जैन, सुरेश वर्मा, डॉ ओमवीर पंवार, सुरेश राणा, सतपाल राणा, सुनील हुडा, मोहित गुप्ता आदि शिरकत करेंगे।

### सेवा भारती ने किया सिलाई केंद्र का शुभारंभ

**समालखा।** सेवा भारती द्वारा चुलकाना में महिलाओं एवं बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नए सिलाई केंद्र का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत हवन-पूजन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सेवा भारती से विनीत बजाज, सर्वजीत बंसल, कुलभूषण अरोड़ा, मदन शर्मा, जगदीश बेलवाल, पूनम शर्मा, शिवानी पांचाल, हिमांशु पांचाल, कुलदीप, लालचंद, विधि आदि उपस्थित रहे।

### बांके बिहारी मंदिर में भंडारे के प्रसाद का भोग लगाया

**पानीपत।** नीलकंठ मानव सेवा संस्थान के सेवादारों ने अंसल स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में विधिवत भगवान भोलेनाथ के श्री चरणों में भंडारे के प्रसाद का भोग लगवाया ओर आशीर्वाद प्राप्त किया। सेवादारों में राम बुद्धिराजा, सोम मदान, मोहन लाल नागपाल, गगन, सन्नी धमीजा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### जनता समाधान शिविर में डीसी ने की जनसुनवाई

**पानीपत।** जनता समाधान शिविर में वीरवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने शिविर की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें, यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित नौ शिकायतें प्राप्त हुईं।

---

शालू ने 1163/1450 अंक, 80.20 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, संध्या ने 1153/1450 अंक 79.52 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया

# बीएड में शालू ने फहराया सफलता का परचम

## एलएनटी कॉलेज में मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया






समालखा। एलएनटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की मेधावी छात्राएं तथा पानीपत में डीएसपीएस की प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर के साथ मेधावी छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जीन्द द्वारा घोषित बी.एड द्वितीय वर्ष परीक्षा परिणाम में एलएनटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन गांव मच्छरौली के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कॉलेज की की छात्रा शालू ने 1163/1450 अंक, 80.20 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, संध्या ने 1153/1450 अंक 79.52 प्रतिशत के साथ द्वितीय और शालिनी शर्मा ने 1146/1450 अंक 79.03 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। वहीं, कॉलेज प्रबंधक समिति की अध्यक्ष व शिक्षाविद् मीनाक्षी गुप्ता ने मेधावी छात्राओं को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। वहीं, बीएड जैसी शिक्षक शिक्षा युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार करती है। वहीं, प्राचार्य डॉ लोकेश शर्मा, डॉ राजेश भारद्वाज, डॉ बलजीत सिंह, मनीष वत्स, डॉ सुदेश, डॉ दर्शन धीमान, सोनिया बंसल, सत्यनारायण, कमल शर्मा आदि रहे।

### विद्यार्थियों की सबसे सशक्त मित्र है पुस्तकें : डॉ विनीता

■ दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में हिन्दी पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय हिन्दी पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता का आयेजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ. विनीता तोमर ने की। प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी पसंदीदा पुस्तकों की प्रभावशाली एवं सारगर्भित समीक्षा की। अरावली सदन से कक्षा ग्याहरवीं कामर्स संकाय की छात्रा वान्या ने पुस्तक जंगल बोलते है, डॉ. सुरेश मिश्र और छात्रा कृति जैन ने मन्नु भंडारी द्वारा लिखी गई पुस्तक मेरी प्रसिद्ध कहानियां के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने समीक्षा की विषय वस्तु, प्रस्तुति शैली की शुद्धता, आत्मविश्वास एवं मौलिकता के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या डा. विनीता तोमर ने कहा कि पुस्तकें केवल ज्ञान का स्त्रोत ही नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की सशक्त आधारशिला भी है। वहीं, पुस्तकें इंसान की सबसे अच्छी मित्र है, सभी विद्यार्थियों को पुस्तकों के अध्ययन को अपनी आदत में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. सिम्मी खुराना, सानवी सतीजा, हिताक्षी दुआ आदि उपस्थित रही।

---



पानीपत। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति का स्वागत करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो : हरिभूमि

# पिछड़ा वर्ग की नारियों का सशक्तीकरण जरूरी: ज्योति

■ राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ने योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने वीरवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग पिछड़ा वर्ग के लोगों की समस्याओं के निदान के लिए प्रतिबद्ध है। आयोग के संज्ञान में जो भी शिकायत आती हैं उन पर तुरंत संज्ञान लिया जाता है और उनका निस्तारण किया जाता है। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग का विकास केवल एक समुदाय का नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास का आधार है। जब समाज का प्रत्येक वर्ग शिक्षा, रोजगार, सम्मान और समान अवसर प्राप्त करेगा, तभी भारत सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के अपने लक्ष्य को पूरी तरह प्राप्त कर सकेगा। इसलिए सरकार, समाज और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि सभी को साथ लेकर चले। वहीं, साध्वी निरंजन ज्योति का विश्रामगृह में पहुंचने पर निगम मेयर कोमल सैनी और भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर निगम की संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन आरडी कल्याण आदि उपस्थित रहे।

---

# कांग्रेसियों ने जुलूस निकाल किया प्रदर्शन

■ राहुल गांधी समेत विपक्षी नेताओं का अपमान किया गया : रमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। जिला सचिवालय में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेसी।

देशभर के छात्रों की न्यायोचित मांगों को लेकर चल रहे शांतिपूर्ण आंदोलन पर लाठीचार्ज तथा पेपर लीक के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस सांसदों, नेताओं एवं छात्रों पर हुए दमन और बर्बर कार्रवाई के विरोध में पानीपत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वरिंदर शाह एवं शहरी जिलाध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह, ग्रामीण जिलाध्यक्ष रमेश मलिक, पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि, सचिन कुंडू, कंवर सिंह छोकर, जय कुमार बिंदल द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों ने कहा कि जो राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व जो भी कांग्रेस नेताओं के साथ मोदी सरकार के द्वारा दुर्वहवार व जंतर-मंतर पर जो बच्चे शांति पूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं उन पर लाठी चार्ज होने पर पानीपत कांग्रेस उसकी घोर निंदा करती है तथा जब तक शिक्षा मंत्री धर्मेंद प्रधान का इस्तीफा नहीं होगा तब तक इसी तरह प्रदर्शन होते रहेंगे।

---

# तिलक व आजाद की जयंती पर छात्रों ने लिया हरियाणा नशा मुक्ति का संकल्प

■ हरी भरी प्रकृति ही मानवता के लिए भगवान का वरदान है : ग्रीनमैन प्रो. दलजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। राजकीय कॉलेज में नवनियुक्त शिक्षकों का स्वागत करते हुए ग्रीनमैन दलजीत। फोटो : हरिभूमि

■ नवनियुक्त प्रोफेसर्स ने पौधे रोप कर कॉलेज में ड्यूटी ज्वाइन की

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत में इको क्लब के तत्वावधान में एक प्रेरणादायी स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इको क्लब के अध्यक्ष एवं ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार द्वारा संचालित प्रकृति बचाओ–सम्मान पाओ अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में नव नियुक्त नौ असिस्टेंट प्रोफेसरों डॉ. मीनाक्षी, रेनु, वंदना, नैंसी, रेखा, साक्षी, किरण, योगिता गुलाटी एवं विकास का पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। इसके उपरांत सभी नव नियुक्त प्राध्यापकों से महाविद्यालय के हर्बल बॉटनिकल गार्डन में अमरूद के पौधे रोपित करवाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष चन्द्र जागलान ने कहा कि नए शिक्षकों का स्वागत पौधारोपण के माध्यम से करना एक अनुकरणीय पहल है। ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि प्रकृति बचाओ–सम्मान पाओ अभियान का उद्देश्य सम्मान की परंपरा को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना है। डॉ. बृजेश बराड़ ने कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। वहीं डॉ. सोनिया ने इस अभिनव पहल की जमकर सराहना की।

---



पानीपत। नशे के विरूद्ध सविता आर्य की मुहिम पर हस्ताक्षर करते हुए उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ।

### नशा मुक्ति को नारी तू नारायणी निभाएगी अहम भूमिका: डॉ. हरीश

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त हरियाणा, जनजागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को नारी तू नारायणी उत्थान समिति द्वारा हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार ने स्वयं संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर कर किया तथा समिति के इस सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इसलिए नशे के खिलाफ यह लड़ाई केवल सरकार या प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नारी तू नारायणी उत्थान समिति अधिक से अधिक युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को इस अभियान से जोड़कर नशा मुक्त हरियाणा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। वहीं, समिति की अध्यक्ष सविता आर्या ने बताया कि उनकी संस्था इससे पहले भी मिशन एक लाख हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का सफल अभियान चला चुकी है। उसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए अब समिति नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरण अभियान चलाएगी।

### कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

■ आस्था के महापर्व को सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक इंतजाम

■ ट्रैफिक से लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं तक हर व्यवस्था होगी दुरुस्त

**पानीपत।** श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि करोड़ों शिवभक्तों की अटूट आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति का महापर्व है। भगवान शिव को गंगाजल अर्पित करने के लिए देशभर से निकलने वाले कांवड़ियों की सेवा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह तथा नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, डीसी डॉ वशिष्ठ ने कहा कि कांवड़ यात्रा भारतीय संस्कृति, आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। लाखों श्रद्धालु भगवान शिव के प्रति अटूट विश्वास के साथ लंबी पैदल यात्रा कर गंगाजल लेकर अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। ऐसे में प्रशासन का दायित्व है कि प्रत्येक श्रद्धालु सुरक्षित, सुविधाजनक और व्यवस्थित वातावरण में अपनी यात्रा पूरी कर सके। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी।



पानीपत। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद से आशीर्वाद लेते हुए कंवर रविंद्र सैनी।

### ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेशाध्यक्ष बने कंवर रविंद्र

■ महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज से लिया आशीर्वाद

**पानीपत।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं पदाधिकारीगण के साथ गहन विचार विमर्श के उपरांत, राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी द्वारा विभिन्न प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति पत्र जारी किया गया। जिसमें हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष कंवर रविंद्र सैनी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष समय सिंह सैनी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सैनी, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष नरेश सैनी, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष शिवाभाई मकवाना व कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र बाबू को नियुक्त किया गया। वहीं कंवर रविंद्र सैनी ने संपूर्ण भारतवर्ष एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीमद्भगवत गीता के प्रचार-प्रसार के लिए जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया है। महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज से प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात आशीर्वाद प्राप्त किया।

---

### डेंगू व मलेरिया के जोखिम के प्रति किया आगाह

**पानीपत।** हरियाणा में मानसून का मौसम शुरू हो गया है। इस दौरान आमतौर पर डेंगू, मलेरिया, बुखार और दूसरी संक्रामक बीमारियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में भारत की प्रमुख स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पूरे राज्य में मानसून के दौरान हेल्थकेयर से जुड़ी अपनी सेवाओं का दायरा बढ़ा रही है। स्टार हेल्थ के वित्त वर्ष 2025-26 के हरियाणा के डेटा से पता चलता है कि बुखार और संक्रामक बीमारियों के लिए होम हेल्थकेयर के इस्तेमाल में करीब 11 गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। इस पहल का मकसद पॉलिसीहोल्डर्स को टॉक टू स्टार और होम हेल्थकेयर सपोर्ट से जोडक़र शुरुआती मदद पहुंचाना है। इस पहल पर स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के हरियाणा के बिजनेस हेड मनु बटूरा ने कहा कि मानसून के मौसम में बुखार, डेंगू, मलेरिया और इन्फेक्शन के मामलों में अक्सर बढ़ोतरी देखी जाती है लेकिन परिवार अक्सर लक्षणों के बिगडने यानी बीमारियों के बढने का इंतजार करते हैं। इस मौसम में हमारी कोशिश है कि पहला कदम उठाना आसान बनाया जाए।

### डेंगू-मलेरिया को लेकर विभाग की बैठक

**पानीपत।** बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिला सचिवालय सभागार में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित नगर निगम, शिक्षा, पंचायत, सिंचाई, लोक निर्माण, परिवहन, उद्योग, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध और प्रभावी ढंग से निर्वहन करें ताकि जिले में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के प्रसार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। वहीं, सीएमओ डॉ. विजय मलिक ने कहा कि डेंगू और मलेरिया से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय मच्छरों को पनपने से रोकना है।

### अंत्योदय मेला 26 को

**पानीपत।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाई) 2.0 के तहत 26 जुलाई को समालखा एसडीएम कार्यालय में आयोजित होने वाले प्रथम चरण के अंत्योदय मेले की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस चरण में समालखा विधानसभा क्षेत्र को शामिल किया गया है, जहां पात्र परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। मेले के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### एसआईआर की समीक्षा की

**पानीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, एडीसी अंकित चौकसे ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव है और इसकी शुद्धता सुनिश्चित करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

---

**कार्यक्रम** नवोदय स्कूल में एचएनसीबी ने छात्रों और शिक्षकों को नशे के प्रति जागरूक किया

सपनों का भारत तभी साकार होगा जब युवा वर्ग नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा

# नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं बल्कि परिवार को भी कर देता है बर्बाद : अशोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। पीएम श्री जवाहर नवोदय स्कूल के विद्यार्थी नशे के विरुद्ध जानकारी लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के द्वारा नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, गांव नौल्था जिला पानीपत में नशे के विरुद्ध व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार नरवाल ने की। वहीं, कार्यक्रम में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक व अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि जिन महापुरुषों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया, उनके सपनों का भारत तभी साकार होगा जब युवा वर्ग नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा। वहीं, ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र को भी कमजोर करता है। यदि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहेगी तो देश का भविष्य सुरक्षित, सशक्त और समृद्ध होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने मित्रों, परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने नशा मुक्त हरियाणा के के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया।

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने हरि नगर में मोहित पुत्र रामकुमार को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 47 पव्वे अवैध देसी शराब बरामद हुई है। आरोपी से बरामद अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लेकर उसके खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में केस दर्ज किया है।


### सूचना

मैं, गुरदयाल दास पुत्र श्री रामा नन्द निवासी मकान नं. 18, ब्लॉक-4, उग्राखेड़ी (19) डाकखाना उग्राखेड़ी, जिला पानीपत, हरियाणा-132104 बयान करता हूं कि मेरा सही नाम गुरदयाल दास है जोकि मेरे सभी दस्तावेजों में गुरदयाल दास दर्ज है। परन्तु मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम गुरूदयाल दास लिखा गया है जोकि गलत है। जबकि मेरे नए पासपोर्ट में मेरा नाम गुरदयाल दास सही दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी किया गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया हुआ है। अभियान के दौरान एवीटी टीम ने बाइक चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही महावीर ने बताया कि शिकायतकर्ता बलजीत सिंह ने 28 अप्रैल 2026 को शिकायत दी थी कि 23/25 अप्रैल 2026 के दौरान आरोपी ने बस अड्डा पार्किंग अंबाला शहर से उसकी बाइक चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। अब पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए संलिप्त आरोपी अनिल उर्फ रिंकू वासी फेरूवाला कॉलोनी यमुनानगर को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है।

### फ्रूट दुकान से नकदी चुराने वाले दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी पुलिस ने हिल रोड खान ढाबा के पास स्थित फ्रूट की दुकान में गल्ले से नकद राशि चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक प्रवेश कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता महिंद्र ने 15 जुलाई 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपियों ने हिल रोड खान ढाबा के पास स्थित उसकी फ्रूट की दुकान के गल्ले से नकदी चोरी कर ली है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी आयुश व अभि को गिरफ्तार कर उनसे 30 हजार की नकदी बरामद की है। आरोपियों को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### त्रिवेणी लगाकर दिया पर्यावरण संदेश

**शहजादपुर।** उपमंडल पशुपालन अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में वीरवार को त्रिवेणी रोपण के साथ व्यापक पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने त्रिवेणी का पौधा लगाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। सैनी ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षों का संरक्षण और संवर्धन अत्यंत आवश्यक है।

### नारायणगढ़ में खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू

**शहजादपुर।** नारायणगढ़ में अंडर-14 वर्ष आयु वर्ग की खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ ब्लू बेल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में किया गया है। प्रतियोगिताओं का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजीव मेहता, प्राचार्य ने रिबन काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार सैनी, खेल सचिव एवं मुख्याध्यापक, राजकीय विद्यालय नबीपुर ने की। मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सबसे प्रभावी माध्यम हैं।

## आठ करोड़ की लागत से सीवरेज परियोजना का शिलान्यास

# कांवला में पानी निकासी और स्वच्छता की समस्या का होगा स्थायी समाधान

*पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल बोले, लंबे समय से चली आ रही ग्रामीणों की मांग हुई पूरी, अब ग्रामीणों को मिलेंगी बेहतरीन सुविधाएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर में विकास की रफ्तार को एक बार फिर गति मिली है। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अंबाला शहर के कांवला गांव में लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सीवरेज लाइन के निर्माण कार्य का विधिवत रूप से शिलान्यास किया है। इस दौरान ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। उद्घाटन समारोह से पहले जब पूर्व मंत्री असीम गोयल और मेयर अक्षिता सैनी कांवला गांव पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि अंबाला शहर के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा की निगम क्षेत्र में आने वाले गांवों को विकास के मामले में शहर से पीछे नहीं रहने दिया जाएगा, विकास के मामले में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश तेज गति से आगे बढ़ रहा है।



### सीवरेज और पेयजल परियोजना से कांवला गांव को मिलेगी नई पहचान

8 करोड़ की इस सीवरेज परियोजना से कांवला गांव के लोगों को लंबे समय से चली आ रही जल निकासी और स्वच्छता की समस्याओं से स्थायी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में मेयर अक्षिता सैनी और वार्ड नंबर 20 की निगम सदस्य सपना रानी ने भी शिरक़त कर इस विकास कार्य को क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात बताया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेशभर में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। पूर्व में जब असीम गोयल मंत्री थे तब वर्ष 2024 के दौरान निगम के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 165 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दिलाई गई थी। इसी कड़ी के तहत कांवला गांव में लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज और पेयजल लाइन डालने का कार्य शुरू हुआ है।उन्होंने आगे बताया कि इस परियोजना के तहत गांव में पाइपलाइन बिछाने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को पब्लिक हेल्थ विभाग के माध्यम से कनेक्शन भी दिए जाएंगे।इस दौरान मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना, सपना रानी,राजेश मेहता,शोभा पुनिया,दिनेश सूद व अन्य गणमान्य मौजूद रहे ।



शहजादपुर। प्रतियोगिता में बाजी मारने वाले खिलाड़ी।

## वॉलीबाल में सरस्वती हाई स्कूल की टीम ने खिताब पर जमाया कब्जा

- लगातार तीन मैच जीतकर मारी बाजी, स्कूल में जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

ब्लॉक-स्तर पर धनाना में आयोजित खेल प्रतियोगिता में सरस्वती हाई स्कूल, कडासन की अंडर-14 वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में टीम ने एक के बाद एक सभी मैचों में जीत दर्ज की।

पहले मैच में तेजस पब्लिक स्कूल को हराकर विजयी शुरुआत की। दूसरे मैच में राजकीय उच्च विद्यालय पतरेहड़ी को पराजित किया और फाइनल मुकाबले में राजकीय विद्यालय फतेहगढ़ को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।विजेता टीम के खिलाड़ी तनिष्क सैनी, वंश, दिशांत, हर्षदीप, रूद्र, जश चौहान, मानस, कनिष्क, वैभव, दीपांशु, भविश और जसकीरत सिंह ने प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन टीमवर्क, अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल-भावना का परिचय दिया। कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने यह साबित कर दिया कि जीत उन्हीं की होती है जो हार नहीं मानते। इस ऐतिहासिक जीत से पूरे स्कूल परिवार में हर्ष की लहर है। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, कोचों और विद्यार्थियों ने विजेता टीम को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि टीम आगे भी इसी प्रकार स्कूल का नाम रोशन करती रहेगी।

### केवल खानपूर्ति बनकर रह गया फल उत्सवः रामधारी

**लाडवा।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लाडवा के उद्यान विभाग हरियाणा की तरफ से 8 वां फल उत्सव उप उष्ण कटिबंधीय फल केंद्र लाडवा में आयोजित किया जा रहा है। वीरवार को पहले ही दिन उत्सव की तैयारियों की पोल खुलकर सामने आ गई। पहले ही दिन उत्सव में न तो किसान पहुंचे और न ही तैयारियां पूरी हो पाई। भाकियू के जिला प्रधान रामधारी उर्फ भूरा डूडा ने कहा कि इस बार फल उत्सव की कोई सूचना नहीं दी गई और न ही कोई जानकारी सोशल मीडिया व समाचार पत्रों से मिली। यहीं नहीं इस फल उत्सव का शुभारंभ मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा करना था, लेकिन फिर बदलकर सी.एम.की धर्मपत्नी सुमन सैनी को बनाया गया, लेकिन अब फल उत्सव का शुभारंभ सुमन सैनी की जगह लाडवा नपा प्रधान द्वारा किया गया।

## युवाओं की पीड़ा पर संवेदनशीलता दिखाए सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व अंबाला शहर से कांग्रेस विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने जंतर-मंतर पर देशभर से पहुंचे छात्रों द्वारा कथित पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा रोजगार से जुड़े मुद्दों को लेकर किए जा रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और उसका उत्तर लाठी, बल प्रयोग अथवा दमन से नहीं बल्कि संवाद, संवेदनशीलता और न्यायपूर्ण निर्णयों से दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का युवा लंबे समय से रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और अपने भविष्य को लेकर गहरी चिंता में है। विभिन्न राज्यों में भर्ती परीक्षाओं के कथित पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों युवाओं के विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया है। अनेक अभ्यर्थी वर्षों की मेहनत के बाद भी बार-बार परीक्षाएं रद्द होने और भर्ती प्रक्रियाओं में विलंब से मानसिक तनाव झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध विभिन्न रिपोर्टों में ऐसे मामलों का उल्लेख हुआ है।



### युवाओं की आवाज दबाना लोकतंत्र के लिए खतरनाक

जहां प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े तनाव के कारण कुछ युवाओं ने आत्महत्या जैसे दुखद कदम भी उठाए। ऐसी परिस्थितियों में सरकार का पहला दायित्व युवाओं के दर्द को समझना होना चाहिए, न कि उनके शांतिपूर्ण विरोध को बलपूर्वक रोकना। पूर्व मंत्री ने कहा कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान छात्रों तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कांग्रेस के अन्य सांसदों एवं नेताओं के साथ जिस प्रकार का पुलिस व्यवहार सामने आया, उसने लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

### निःशुल्क शव वाहन सेवा शुरू, सिलाई कढाई सेंटर की भी हुई शुरूआत

**अंबाला।** अंबाला शहर में समाज सेवा की दिशा में एक और सराहनीय पहल देखने को मिली। सी लाल चेरिटेबल फाउंडेशन और लायंस क्लब की ओर से लोगों की सुविधा के लिए निशुल्क शव वाहन सेवा शुरू की गई। इसके साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का भी शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मेयर अक्षिता सैनी भी विशेष रूप से मौजूद रही। गीता नगरी इंडस्ट्रियल एरिया में कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री असीम गोयल ने निःशुल्क शव वाहन सेवा की शुरुआत की और विधिवत रूप से वाहन को सी लाल चेरिटेबल फाउंडेशन के माध्यम से सिद्ध योगी श्री श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ जी ट्रस्ट को सौंपा।

## दो तस्करों को 60 ग्राम हेरोइन सहित पकड़ा

- नाकाबंदी के दौरान पकड़े गए आरोपी, एक पुलिस रिमांड पर लिया दूसरा को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एंटी नारकोटिक्स सैल ने थाना सेक्टर-9 क्षेत्र से कार सवार दो नशा तस्करों को 60 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गौरव निवासी सिंघावाला तथा हिमांशु निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रूप में हुई है।

सटीक इनपुट के आधार पर जांच टीम के उप-निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में सौंडा-जलबेड़ा रोड पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान एक संदिग्ध कार को रोककर जब तलाशी ली गई तो आरोपियों के कब्जे से 60 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।



अंबाला। हेरोइन तस्करी में पकड़े गए आरोपी।

आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-9 में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया गया जहां से आरोपी हिमांशु को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया जबकि गौरव का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। आरोपी गौरव के खिलाफ पहले भी लड़ाई झगड़े से संबंधित मामले दर्ज हैं। आरोपी वर्ष 2023 से फरार चल रहा है। न्यायालय द्वारा वर्ष 2024 में पीओ घोषित किया हुआ है।

## श्रीकृष्णा आयुष विवि के स्नातकोत्तर शोधार्थियों ने कुवि के भू-विज्ञान विभाग का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (वैद्य) करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आयुष विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुष विश्वविद्यालय के डॉ. रविराज एवं डॉ. गिरि मल्ला पाटिल के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं का दल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भू-विज्ञान विभाग पहुँचा। श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग के स्नातकोत्तर शोधार्थियों ने शैक्षणिक अध्ययन के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भू-विज्ञान विभाग का दौरा किया। इस दौरान शोधार्थियों ने विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर ए. आर. चौधरी के कुशल मार्गदर्शन में धातुओं और खनिजों की पहचान तथा उनके वैज्ञानिक विश्लेषण की सूक्ष्म तकनीकों को समझा। विजिट के दौरान भू-विज्ञान विभाग के डॉ. नरेश कुमार एवं सरिता मान ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रकार के दुर्लभ खनिजों और शैलों के नमूने दिखाए तथा उनके भौतिक व रासायनिक गुणों की जानकारी दी। इस दौरान छात्रों को आयुर्वेद में उपयोग होने वाले रसशास्त्र व द्रव्यों से जुड़े प्राकृतिक खनिजों के व्यावहारिक महत्व को समझने का अवसर मिला।

## प्रेरणादायक गीतों से छात्रों को जीवन में सही दिशा चुनने का दिया संदेश

*छात्रों के व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर में वीरवार को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक सोशल एक्टिविटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा पुलिस सोशल मीडिया से जुड़े समाजसेवी अमर कटारिया ने अपनी टीम के साथ सामाजिक एवं प्रेरणादायक गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में सही दिशा चुनने का संदेश दिया। इस आयोजन में युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट, नारनौल का भी विशेष सहयोग रहा।



अंबाला। सामाजिक कार्यकर्ता अमर कटारिया को सम्मानित करते शिक्षक।

कार्यक्रम के दौरान अमर कटारिया ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, सोशल मीडिया का सीमित एवं सकारात्मक उपयोग करने, माता-पिता का सम्मान करने तथा अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस समय में युवाओं को सही मार्गदर्शन और अच्छे संस्कारों की सबसे अधिक आवश्यकता है। यदि विद्यार्थी अपने समय का सदुपयोग करेंगे और परिवार के साथ जुड़े रहेंगे तो वे जीवन में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेंगे।

### सोशल मीडिया की लत से बचने पर की चर्चा

स्कूल इंचार्ज जसविंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने कहा कि बच्चों को नशे, गलत संगति और सोशल मीडिया की लत से बचाने के लिए समय समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए ताकि उनमें सकारात्मक सोच और अच्छे संस्कार विकसित हो। युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट के प्रतिनिधि बिरेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से प्रेरित और मार्गदर्शित करना सबसे बड़ी सामाजिक आवश्यकता है।

### छात्र नेताओं ने ईमानदार, निष्ठा की शपथ ली

**लाडवा।** लाडवा के सहारा इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को भव्य छात्र परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर नव-निर्वाचित हेड बॉय सूर्यकांत, हेड गर्ल अविजोत, हाउस कैप्टन लॉयन हाउस रिद्धि,टाइगर हाउस यश्वी, लेपर्ड हाउस एंजल, पैंथर हाउस अयान, वाइस कैप्टन परमवीर, कुणाल, अरनव, गीतेश तथा स्पोर्ट्स कैप्टन ध्रुव,सना व अन्य छात्र प्रतिनिधियों को बैज एवं सैश पहनाकर उनके पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी छात्र नेताओं ने ईमानदारी, अनुशासन, निष्ठा एवं सेवा-भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली।

### प्राइमरी हेल्थ सेंटर में आधुनिक ईसीजी मशीन का शुभारंभ, मरीजों को मिलेगी राहत

**अंबाला।** बोह गांव के प्राइमरी हेल्थ सेंटर में आधुनिक ईसीजी मशीन का शुभारंभ किया गया। नई तकनीक से लैस इस मशीन के लगने से ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को राहत मिलेगी और दिल से जुड़ी समस्याओं का समय पर पता लगाया जा सकेगा। यह मशीन एक मोबाइल टैबलेट से जुड़ी है। इसके जरिए मरीज की ईसीजी रिपोर्ट कुछ ही मिनटों में सीधे डॉक्टर और मरीज के मोबाइल फोन पर पहुंच जाती है। इस उन्नत तकनीक से आपातकालीन स्थिति में कीमती समय बर्बाद नहीं होता और मरीज को तुरंत प्राथमिक उपचार व सही इलाज मिलना सुनिश्चित हो जाता है। खास बात यह है कि सरकार की ओर से यह अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधा पूरी तरह निशुल्क है। इससे ग्रामीण इलाकों के लोगों को बड़े अस्पतालों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी और समय पर सही इलाज मिल सकेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## कई गांवों के कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा का थामा दामन

# आदर्श मार्केट के कई दुकानदार बने दुकानों के मालिक, पूर्व मंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया। कुछ समस्याओं उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का तीव्रता से समाधान करने बारे निर्देश भी दिए। गोयल ने जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत यहां पहुंचे लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में निरंतरता में विकास कार्यों को करवाते हुए अंबाला शहर को ओर सुंदर एवं विकसित बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों ने विकास कार्यों से संबंधित जो समस्याएं रखी हैं उन सभी को चरणबद्ध तरीके से करवाने का काम किया जाएगा। वार्ड नंबर 7 से आए लोगों ने सफाई की समस्या रखी। अंबाला शहर से आए अधिवक्ताओं ने पार्किंग को लेकर अपनी समस्या बताई। वार्ड नंबर 2 से आए लोगों ने अनाधिकृत एरिया को अप्रूव करवाने तथा अन्य लोगों ने बिजली संबंधी समस्या, पानी निकासी समस्या, पेंशन लगवाने बारे तथा अन्य समस्याओं के निदान बारे लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से पूर्व राज्यमंत्री को अवगत करवाया। पूर्व राज्यमंत्री ने सभी लोगों को कहा कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।



अंबाला। दूसरी पार्टियों से आए लोगों का अभिनंदन करते पूर्व राज्यमंत्री।

### भाजपा दिलाएगी सभी को बराबर का सम्मान

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि दुकानों का मालिकाना हक मिलने से उन्हें काफी राहत मिली है। इस मौके पर गांव बलाना, अलाउद्दीन माजरा, निहारसा, सौंटा गांव से कई लोगों ने विभिन्न पार्टियों को छोडक़र भाजपा पार्टी में शामिल हुए। पूर्व राज्यमंत्री ने सभी लोगों का पार्टी में स्वागत करते हुए उन्हें भाजपा पार्टी का पटका पहनाया। उन्हें विश्वास दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी में सभी को बराबर का मान-सम्मान दिलवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को बराबर का मान-सम्मान दिया जाता है। कार्यकर्ता भाजपा पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से कोई भी व्यक्ति आकर जन सुनवाई कार्यक्रम में अपनी समस्या रख सकता है। जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उनका पूरा प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं को समझकर उनका तीव्रता से समाधान किया जा सके। इस मौके पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, निजी सचिव सौरभ गुप्ता, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, भाजपा पदाधिकारी हितेष जैन, संजीव गोयल टोनी, गुरजंट सिंह गोल्डी, अमन सूद, दिनेश लदाणा, शेर सिंह के साथ-साथ भाजपा पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।